पंजाब केसरी 23/04/2025

# हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 22 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में अर्थ-डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट के इको क्लब, जूलॉजी विभाग, एस.डी.जी. क्लब और बायोलॉजी एसोसिएशन के को-लैबोरेशन में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दिन हमें अपनी पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए और प्रदूषण को कम करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

इको क्लब के इंचार्ज डा. कुलदीप यादव ने कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल वार्मिंग पर एक व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को इसके प्रभाव के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर डा. धर्मवीर सैनी, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. राकेश कुमार, डा. अमिता और डा. भारती भी उपस्थित थे। इसके अलावा सुनील माली और गंगा प्रसाद माली भी मौजूद थे। डा. मीनू राठी और डा. शिखा जग्गी ने छात्रों को शपथ दिलाई कि वे धरती की रक्षा करेंगे और अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे। छात्रों ने शपथ ली कि वे अपनी पृथ्वी की रक्षा करने और प्रदूषण कम करने के लिए काम करेंगे।



पौधारोपण करते हुए गणमान्य व्यक्ति। (चंद्रमोहन)